Issue No. 06 | December 2021

अणुविद्या

HBNI NEWSLETTER

होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान

Homi Bhabha National Institute

(परमाणु ऊर्जा विभाग की एक सहायक संस्था और यूजीसी
अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत विश्वविद्यालय माना जाता हे)

(An aided institution of the Department of Atomic Energy and
a Deemed-to-be University under section 3 of the UGC Act. 1956)

हिन्दी दिवस समारोह

हिन्दी दिवस के अवसर पर होमी भाभा परिषद कक्ष मे दिनांक १४ सितम्बर 2021 को दोपहर 3:00 बजे एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परमाणु ऊर्जा आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. रतन कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि थे। वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग (सीएसटीटी) के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रो अवनीश कुमार इस अवसर पर विशिष्ट व्यक्ति थे।

हिन्दी दिवस समारोह में प्रो भूपेन्द्र तोमर, भूतपूर्व संस्थान चेअर प्रोफेसर ने स्वागत भाषण दिया व अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्तात्त , प्रो वासुदेव राव , कुलपति, एचबीएनआई ने सभा को संबोधित किया और अपने भाषण में हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने 13 सितंबर को एचबीएनआई द्वारा आयोजित अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। मुख्य अतिथि डॉ रतन कुमार सिन्हा , पूर्व अध्यक्ष , परमाणु ऊर्जा आयोग ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर सभा को सम्बोधित किया एवं नाभिक्य शब्दावली का विमोचन किया। विभिन्न विषयों से संबंधित 11000 से अधिक शब्दों वाली इस शब्दावली को कई डी ए ई इकाइयों के सदस्यों की एक टीम द्वारा तैयार किया गया है। इस कार्य का समन्वयन प्रो. बी.एस. तोमर, भूतपूर्व संस्थान चेअर प्रोफेसर, एचबीएनआई ने किया। शिक्षा मंत्रालय के तहत वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग (सीएसटीटी) द्वारा गठित एक विशेषज्ञ टीम द्वारा शब्दावली की समीक्षा की गई और अब यह शब्दावली परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित शब्दों के आधिकारिक संग्रह के रूप में काम कर सकती है। इससे हिंदी में रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज तैयार करने में काफी सुविधा होगी। कार्यक्रम के अगले चरण में, विशिष्ट अतिथि डॉ अवनीश कुमार ने सभा में उपस्थित सभी व्यक्तियों को हिंदी दिवस पर और नाभिक्य शब्दावली के विमोचन पर बधाई दी और अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने संस्थान की नई वेबसाइट का उद्घाटन भी किया। प्रो पी डी नाईक , डीन .ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



परिषद् कक्ष में हिंदी दिवस समारोह में भाग लेते एचबीएनआई के पदाधिकारी



सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. रतन कुमार सिन्हा(बाएं) एवं डॉ अवनीश कुमार (दाएं)



नाभिक्य शब्दावली का ऑनलाइन विमोचन

अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रो वासुदेव राव के हाथों पुरस्कार ग्रहण करते हुए

Celebration of Engineer's Day at HBNI

The Engineer's Day was celebrated at the Central Office on September 20, 2021 in a hybrid mode. Prof. Shashank Chaturvedi, Director, Institute of Plasma Research, Gandhinagar graced the occasion as chief guest.

Prof. P.R. Vasudeva Rao, Vice Chancellor, HBNI welcomed the gathering. A power point presentation highlighting the life and works of Sir M Visvesvaraya, a visionary Engineer, whose birth anniversary is celebrated as Engineer's Day every year on September 15, was shown on the occasion. Prof. Chaturvedi delivered an informative talk on the topic "Science Based Development of Plasma & Fusion Technologies: Achievements and Challenges" on the occasion. Prof. A.K. Dureja, Associate Dean, HBNI proposed the Vote of Thanks.